# झांसी में जल्द ही ऑक्सीजन गैस प्लांट स्थापित होगा

एल-1 बेड को एल-2 बेड बनाए जाने के निर्देश

## कोविड-19 की समस्या पर कंट्रोल रूम 0510-2440521 पर कॉल करें

## रेमडेसीविर संजीवनी नहीं अन्य विकल्प का भी उपयोग करें

## नर्सिंग होम द्वारा ओवर चार्जेस की गोपनीय सूचना दें, कार्रवाई की जाएगी



**झांसी।**

जिलाधिकारी श्री आन्द्रा वामसी ने विकास भवन सभागार में विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों व प्राइवेट नर्सिंग होम एसो. के पदाधिकारियों के साथ जनपद में कोविड-19 की बिगड़ती स्थिति को सुधारने के लिए सहयोग करने का आह्वान किया उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने लिए हम सभी को मिलकर लड़ना होगा, उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों से हर संभव मदद दिए जाने का अनुरोध किया और मरीजों को ऑक्सीजन गैस रेमडेसीविर इंजेक्शन आदि की आपूर्ति सुचारू किए जाने में मदद किए जाने की अपील की। जिलाधिकारी ने कहा कि आने वाले समय में तीन चुनौतियां हैं, सबसे पहली ऑक्सीजन गैस की आपूर्ति, वेंटिलेटर सहित बेड व रेमडेसीविर इंजेक्शन की उपलब्धता। उन्होंने कहा कि जनपद में तीन ऑक्सीजन गैस प्लांट है परंतु तरल ऑक्सीजन की आपूर्ति सुचारू न होने के कारण जिले में आपूर्ति नहीं हो पा रही है। लिक्विड गैस के लिए अनेकों जगह संपर्क किया जा चुका है। उन्होंने मरीजों के लिए बेड की उपलब्धता के बारे में बताया कि मेडिकल कॉलेज में बेड फुल हो गए हैं यही स्थिति प्राइवेट नर्सिंग होम की है। उन्होंने बताया कि एल-1 बेड को ऑक्सीजन सप्लाई के साथ एल-2 बनाए जाने की तैयारी प्रशासन ने कर ली है, एक सप्ताह में ऐल-2 बैड तैयार हो जाएंगे।

बैठक में जनप्रतिनिधियों सहित समस्त संगठनों ने झांसी में ऑक्सीजन गैस प्लांट स्थापित करने की सहमति दी और कहा कि जल्द ही सारी कायर्वाही पूर्ण करते हुए मेडिकल कॉलेज में स्थापित किया जाएगा, ताकि जनपद में ऑक्सीजन गैस की कमी को दूर किया जा सके। उन्होंने कंट्रोल रूम नंबर 0510-2440521 का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए, और कहा कि कोबिट पेशेंट्स के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी या शिकायत कंट्रोल रूम पर की जा सकती है निदान यथासंभव सुनिश्चित किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने जनप्रतिनिधियों से विभिन्न नर्सिंग होम और उसमें उपलब्ध बेड की जानकारी ली। सभी ने एकमत से नर्सिंग होम में बेडो की संख्या बढ़ाए जाने की सहमति दी। सभी नर्सिंग होम कोविड-19 का पहले से इलाज कर रहे हैं,अब और बेड बढ़ा कर अन्य का इलाज करेंगे।बैठक में रेमडेसीविर इंजेक्शन की उपलब्धता पर भी चर्चा हुई जिस पर नर्सिंग होम एसोसिएशन के अध्यक्ष ने बताया कि रेमडेसीविर इंजेक्शन संजीवनी नहीं है इसके अन्य विकल्प हैं जिनका हम उपयोग कर सकते हैं। रेमडेसीविर के लिए मरीज पैनिक ना हो।

जनप्रतिनिधियों ने कहा कि हर तरह के सहयोग के लिए तैयार हैं बस इस संक्रमण को रोका जाना चाहिए। पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने नर्सिंग होम द्वारा जांचों के नाम पर मरीजों से हो रही पैसों की लुटाई को रोकने की बात कही। राजसभा सांसद डॉ चंद्र पाल यादव ने कंट्रोल रूम बनाए जाने के साथ मरीज को सही जानकारी दिए जाने की सलाह दी।

इस मौके पर विधायक सदर श्री रवि शर्मा, विधायक बबीना श्री राजीव सिंह पारीछा, पूर्व विधायक गरौठा श्री दीप नारायण सिंह यादव, जिलाध्यक्ष श्री जमुना प्रसाद कुशवाहा, महानगर अध्यक्ष श्री मुकेश मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी श्री शैलेष कुमार, एसपी सिटी श्री विवेक त्रिपाठी, श्री संजय पटवारी, श्री मुकेश अग्रवाल सहित अन्य संगठनों से जुड़े पदाधिकारी व्यापारी चिकित्सक व अधिकारी उपस्थित रहे।

# अब आमजन को चतुर योद्धा बनकर जीतनी होगी कोरोना से जंगः कलेक्टर संजय कुमार

## 23 कोरोना मरीजों की मौत से लें सबक, जीवन रहा तो हर पल का लुत्फ उठा पाओगे



**दतिया।** शादी कभी भी की जा सकती है, दुकानों से सामान फिर बेचा जा सकता है, खाने पीने की चीजें बाद में भी खरीदी जा सकती हैं, रोजमर्रा के जरूरी कार्यों को भी हम कभी भी कर सकते हैं, लेकिन कोरोना की चपेट में आने के बाद जीवन की क्षतिपूर्ति को दोबारा नहीं भरा जा सकता। जिले में अभी तक 23 मौते हो चुकी हैं। संक्रमण दर 28-30 प्रतिशत है। धीरे-धीरे कमजोर हो रही बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लड़खड़ाने का हम इंतजार नहीं कर सकते। इसलिए यह समय हमारे लिए अन्य जरूरतों पर अंकुश लगाकर स्वस्थ्य एवं निरोग जीवन के बारे में सोचने का है। चेतावनी देती यह मार्मिक अपील कलेक्टर संजय कुमार ने न्यू कलेक्ट्रेट में स्थित सभागार में मंगलवार को खबरनबीसों से चर्चा के दौरान की। कलेक्टर कुमार ने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि आम जनता को अपनों की चिंता है, तो वह अब एक चतुर योद्धा के रूप में कोरोना को हराने में सहयोग दें। पिछले 4 दिनों से चल रहे कोरोना कर्फ्यू के बीच लाख सख्ती बरतने के बावजूद भी हम अभी तक कोरोना संक्रमण को रोकने में कामयाब नहीं हो पाये हैं। क्योंकि हमारी जिले की आमजनता का हमें पूरा-पूरा सहयोग नहीं मिल रहा है। यदि आमजनता चाहे तो कोरोना संक्रमण की इस चैन को तोड़ा जा सकता है।

**आपकी जागरूकता, आपके अपनों को बचा सकती है**

कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से आमजनता को संबोधित करते हुए कहा कि हालत लगातार हाथों से निकलते जा रहे हैं।

# कलेक्टर के आदेश का डर, बिटियां विदा कैसे हो अपने घर ?

## शादियों को लेकर दतिया कलेक्टर का बड़ा व्यान, कहा शादियों को नही समारोह को प्रतिबन्धित किया है



दतिया। दतिया जिले में जिला कलेक्टर द्वारा प्रत्येक दिन नित्य नए आदेश निकाले जा रहे हैं। जिसमें सबसे ज्यादा वर वधु पक्ष के परिजन खासे डरे सहमे हुए हैं। जिसमें वह कोरोना के चलते एवं कोरोना की चेन तोड़ने के लिए जिला प्रशासन की प्रतिबद्ध भूमिका का निर्वहन कर कई प्रतिबंधात्मक आदेश निकाल रहे हैं। जिसमें उन्होंने सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण ग्रीष्म ॠतु की सीजन में शादी समारोह पर रोक लगा दी है। कलेक्टर के आदेश के अनुसार दतिया में शादी समारोह आयोजित नहीं हो सकेंगे, लेकिन वहीं दूसरी तरफ कलेक्टर अपने आदेश के विपरीत बात करते हुए यह बता रहे हैं कि मैंने शादियों को प्रतिबंधित नहीं किया है सिर्फ समारोह प्रतिबंधित किए गए हैं। जिसमें उन्होंने कहा कि शादी घर में महत्वपूर्ण होने की वजह से पांच पांच सीमित व्यक्तियों की उपस्थिति में की जा सकती है, लेकिन शादी का समारोह भव्यता के तरीके से आयोजित नहीं किया जा सकता है। जिसमें नाते रिश्तेदारों को बुलाने के लिए मना किया गया है। कलेक्टर द्वारा आदेश जारी किए जाने से कई युवक-युवतियों की शादियों पर संकट खड़ा हो गया है और वह कलेक्टर के द्वार अनुमति लेने के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। उन्हें घर पर ही शादी के आयोजन की अनुमति प्रदान नहीं की जा रही है, जिसमें देखा जा रहा है कि वर वधु के परिजन खासा परेशान हो रहे हैं। वही दुखदाई करने वाला कलेक्टर आदेश भी उनकी चिंता बढ़ा रहा है। न्यू कलेक्टरेट में शादी की परमिशन लेने आये लोगो की माने तो उनका कहना है कि हम लोग शादी की परमिशन न मिलने से काफी निराश है और अब अपने घर लौट रहे है। कई दिन तक चक्कर लगाने के बाद भी हम लोगो को शादी की परमिशन जिला कलेक्टर से नही मिली है।आदेश में उल्लेख किया है कि दतिया जिले में किसी भी प्रकार का पारिवारिक व शादी समारोह आयोजित नहीं किया जा सकता है, अगर आयोजन किया गया तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसकी निगरानी रखने के लिए जिला महिला बाल विकास विभाग को निर्देशित किया गया है और इस आदेश की तामील कराना अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। ऐसी स्थिति मैं वर वधु के परिजन काफी डरे और सहमे हुए हैं कि वह अपने लड़की लड़के के हाथ पीले कैसे करें। वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजिक कार्यकर्ता रवि ठाकुर से जब इस मामले में बात की तो उनका कहना साफ है कि प्रशासन खुद निर्णय नही ले पा रहा है कि आखिर शादियों का मामला कैसे सही सुलझा सके।

# मेडिकल कॉलेज में शुरू होगी आईसीयू की सुविधा



**शिवपुरी** मेडिकल कॉलेज में भी अब आईसीयू की सुविधा शुरू की जा रही है ।कोरोना महामारी के प्रकोप को देखते हुए इससे बचाव के लिए शासन - प्रशासन के स्तर पर हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं । शिवपुरी विधायक एवं कैबिनेट मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया को शिवपुरी जिले का प्रभारी बनाया गया है । उनके द्वारा लगातार स्थिति की समीक्षा की जा रही है । साथ ही कोविड -19 से निपटने के लिए जरूरी सुविधाएं भी तत्काल मुहैया कराई जा रही हैं । इसी क्रम में मंत्री श्रीमती सिंधिया द्वारा मेडिकल कॉलेज में आईसीयू की सुविधा उपलब्ध कराने में सहयोग किया गया है । मेडिकल कॉलेज में 40 बिस्तर का आईसीयू शुरू किया जाएगा । इसके लिए डॉक्टर्स की टीम लगातार कार्य कर रही है और यह आईसीयू सुविधा आज से शुरू होगी । सोमवार को कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह ने भी मेडिकल कॉलेज का भ्रमण किया और आईसीयू यूनिट इंस्टॉलेशन का कार्य देखा । इस दौरान मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ अक्षय निगम भी उपस्थित थे

# कोरोना कर्फ्यू, चिलचिलाती धूप में पुलिस अधीक्षक सड़कों पर उतरे, नगर का किया भ्रमण

दतिया। कोरोना कर्फ्यू,मंगलवार को चिलचिलाती धूप में सड़कों पर उतरे पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ पुलिस दोपहर में नगर का किया भ्रमण। वहीं ऐसे लोगों को कड़ा संदेश भी दिया जो प्रशासन के द्वारा बार बार की जा रही की जा रही अपील के बावजूद भी अपने आप तुर्रमखा समझते हुए बेशमी की हद पार कर उन निर्देशों की अवेहलना कर रहे है। वे वजह घूम ने वालों को दी समझाईश। जिले के लोगों को इस महामारी के संक्रमण से बचाया जा सके। कोरोना कर्फ्यू पालन कराने एवं कोरोना संक्रमण वायरस रोकथाम,बचाव, हेतु जागरूक करने पुलिस अधीक्षक सिंह राठौर चिलचिलाती धूप में सड़कों पर उतरे और नगर का भ्रमण किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हमें आपकी चिंता है कृपया आप खुद भी अपनी चिंता करें।

## क्षत्रिय महासभा ने की शोक सभा

ललितपुर। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ललितपुर की एक बैठक में शोक सभा सम्पन्न हुई।शोक सभा मे क्षत्रिय महासभा महरौनी के ब्लॉक अध्यक्ष अरविन्द सिंह चैहान के पूजनीय पिताजी रघुनन्दन सिंह चैहान सचिव साहब के आकस्मिक निधन,श्री लल्लू राजा भुचेरा के पूज्य पिताजी रामराजा सिंह बुन्देला (पूर्व ड्यूटी ऑफिसर) सूरत सिंह गौर के पूजनीय पिताजी रतन सिंह गौर लाल सिंह गौर पूर्व प्रधान भेसाई के पूजनीय पिताजी बाबू सिंह गौर बॉबी राजा नाराहट के पूजनीय पिताजी एवम बड़े दाउ साहब मंजू राजा नाराहट एवम कृष्ण प्रताप सिंह छापछोल एवम रामकुमार सिंह फौजी के पूजनीय पिताजी ज्ञान सिंह बैस पूर्व प्रधान तालगांव एवम विवेक सिंह परिहार के पूजनीय पिताजी राजनारायण सिंह परिहार एवम बब्बू राजा चैबयाना की धर्मपत्नी के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया।एवम दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्राथर्ना की गई। शोक सभा मे प्रमुख रूप से मुन्ना सिंह चैहान बृजेन्द्र सिंह परमार भगवत सिंह बैस बॉबी राजा पटसेमरा जयहिन्द सिंह परमार भरत सिंह चैहान चन्द्रपाल सिंह परमार राजेन्द्र सिंह राठौर जगदीश सिंह जगभान सिंह धर्मेन्द्र सिंह राठौर सुरेन्द्र पाल सिंह महिपाल सिंह नारायण सिंह सेंगर गुडडे राजा चाली राजा हरपाल सिंह सिसोदिया आशुतोष सिंह शिवा सिंह अजय राजा सुरेन्द्र सिंह बुन्देला रविन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

## गुमशुदा हुये युवक व मासूम को अमझरा चैकी पुलिस ने खोज निकाला

ललितपुर। बीते रोज शहर के मोहल्ला लेडियापुरा आजादपुरा निवासी देशराज साहू पुत्र रामरतन साहू ने एक शिकायती पत्र कोतवाली पुलिस को सौंपते हुये उसके पुत्र व भाई की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करायी थी। मामले को तत्काल संज्ञान लेते हुये कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी। मामले की सूचना मिलने पर अमझरा घाटी चैकी प्रभारी त्रिपुरेश पाण्डेय ने गश्त के दौरान करीब तीस वषीय युवक सुखदेव उसके पुत्र को हिरासत में ले लिया। परिजनों ने बताया कि उसका छोटा भाई सुखदेव का मानसिक संतुलन ठीक नहीं है और वह 19 अप्रैल को शाम करीब साढ़े छह बजे से टीवीएस एक्सल गाड़ी क्रमांक यूपी 94 4977 से ढ़ाई साल के बच्चे आरूष को लेकर बिना बताये कहीं चला गया था। इधर अमझरा चैकी प्रभारी त्रिपुरेश पाण्डेय ने बताया कि बच्चे व उक्त युवक को उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

## कोरोना के संक्रमण से निरस्त हो रहे वैवाहिक कार्यक्रम

ललितपुर। विकेंड लॉक डाउन प्रभावी होने के बाद से होटल, रेस्टॉरेंट, शादी घरों में भी ताला लग रहा है। आगामी दिनों में शहर होने वाले शादी, तिलक सहित अन्य मांगलिक समारोह नागरिकों द्वारा जागरूकता दिखाते हुए स्वयं रद्द किए जा रहे हैं। अप्रैल में होने वाली शादियों के अब सैकड़ों बुकिंग रद्द हो चुकी है। इसके बाद की तिथियों में होने वाले कार्यक्रमों को भी लोग यह मानकर रद्द कर रहे हैं कि कहीं लॉक डाउन न लग जाएं। इस व्यवसाय से जुड़े लोगों का कहना है कि लगन का सीजन ही उनकी आमदनी का जरिया है। यही हाल रहा तो काफी मुश्किल हालात से जूझना होगा। होटल के संचालको का कहना है कि अप्रैल से मई तक कि कई बुकिंग थी। कोरोना के चलते लोग शादी विवाह स्थगित कर बुकिंग वापस कर रहे हैं। शादी समारोह के चलते होटलो में अप्रैल और मई में सभी कमरे बुक थे, लेकिन सभी कमरों की बुकिंग लोग निरस्त करा रहे हैं। एक स्थानीय शादीघर संचालक ने बताया कि लगन के चलते अप्रैल और मई में खासी अच्छी बुकिंग हुई थी, लेकिन लॉक डाउन के डर कारण धीरे-धीरे सभी बुकिंग निरस्त करा रहे हैं। इस साल तो होटल का खर्च भी निकाल पाना संभव नहीं होगा। फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी का काम करने वाले आनंद साहू ने बताया कि अप्रैल और मई की बुकिंग कैंसिल हुई है। कई अन्य फोन लगातार आ रहे हैं। लॉक डाउन के डर कारण लोग यह फैसला ले रहे हैं।

## पोलिंग पाटी पर हमला..

प्रशासनिक कार पर पथराव, मतपेटी लूटने की कोशिश

ललितपुर। जिले के थाना बानपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम बिल्ला गांव में पंचायत चुनाव की मतगणना के दौरान भारी बवाल हो गया। देर शाम खबरें यहां तक आती रहीं कि प्रशासनिक अधिकारियों की गाडियों पर पथराव किया गया, मतपेटियां लूटने का प्रयास किया गया तो वहीं अफसरों को बंधक बनाने का प्रयास किया गया। बवाल के मामले में पुलिस ने 29 नामजद और 300 अज्ञात पर केस दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। बवाल को देखते हुए गांव में फोर्स तैनात है।

## फजी वोटिंग का आरोप लगाकर किया हंगामा

सोमवार को उत्तर प्रदेश में ललितपुर समेत 20 जिलों में पंचायत चुनाव के तहत दूसरे चरण की वोटिंग थी। ललितपुर में थाना बानपुर के बिल्ला गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय बिल्ला मतदान केंद्र के बूथ 103 और 104 में सोमवार को शाम 6 बजे तक मतदान होता रहा। आरोप है कि समय पूरा होने पर मतदाताओं को बूथ के अंदर कर लिया गया। इसी दौरान प्रधान प्रत्याशी महेंद्र सिंह ने पीठासीन अधिकारी पर दूसरे प्रत्याशी के पक्ष में फजी मतदान करने का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया।

जय ऑफसेट प्रेस

फ्लैक्स बैनर, कलर पोस्टर, स्टीकर, विजिटिंग कार्ड शादी कार्ड, कैलेन्डर, कलर ब्लैक एण्ड व्हाईट न्यूज पेपर मैग्जीन एवं चुनाव सामग्री इत्यादि की प्रिंटिंग हेतु सम्पर्क करें।



ठाकुर दास प्रजापति

संचालक

मो. 6393149766, 8005203626

पता - दीनदयाल मार्केट, सैंयर गेट रोड, मिनर्वा चौराहा, झाँसी

मुद्रक,प्रकाशक,संपादक ठाकुर दास प्रजापति द्वारा जयऑफसेट प्रेस दीनदयाल मार्केट मिनर्वा चौराहा झांसी से मुद्रित एवं 469 नई बस्ती झाँसी से प्रकाशित संपादक ठाकुरदास प्रजापति पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र झाँसी न्यायालय के अधीन होगा। रजिस्ट्रेशन नं. यूपी एचआईएन /2015/ 64 737 फोन न. 6393149766,8005203626